# भा.कृ.अनु.प. - राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो

नागपुर - 440 033



# संदेश

## हिन्दी पखवाड़ा –2026

प्रत्येक वर्ष मनाया जाने वाला 'हिंदी पखवाड़ा', हमारी राजभाषा, हमारी संस्कृति और हमारी अस्मिताओं के प्रति हमारे प्रेम व समर्पण को पुनः स्मरण करने का एक सुंदर अवसर है। हिंदी सिर्फ संवाद का एक साधन भर नहीं है, यह हमारी साझी विरासत, हमारी सरलता, सहजता और संवेदनाओं की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। वैश्वीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी के इस दौर में हिंदी ने अपनी सुगमता और व्यापकता से डिजिटल मंचों पर भी अपनी मजबूत पहचान बनाई है। सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना हम सबका दायित्व है।

भाकृअनुप – राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर एवं इसके पांचों क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों में भी राजभाषा अधिनियम 1963 एवं राजभाषा नियम 1976 के उपबंधों, नियमों एवं विनियमों का पूर्णतः अनुपालन का प्रयास किया जाता है। राजभाषा हिन्दी के प्रचार प्रसार के सभी संभव उपक्रम किए जाने के प्रयास किए जाते हैं। इसी अनुक्रम में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय एवं परिषद मुख्यालय के आदेशों के अनुपालन में ब्यूरो में हमेशा की तरह हिन्दी पखवाड़ा – 2026 का आयोजन, 15 सितंबर 2026 से 30 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है।

मुझे पूरी आशा है कि, ब्यूरो के समस्त कार्मिक हिन्दी पखवाड़ा – 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में सोत्साह प्रतिभागिता करेंगे। साथ ही, हम यह संकल्प भी लें कि, वर्षभर अपने दैनिक और आधिकारिक कार्यों में हिंदी का सरल, सहज और प्रभावी उपयोग करेंगे।

हिन्दी पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए समस्त ब्यूरो परिवार को मेरी अनेक शुभकमनाएं!

(एन.जी. पाटील)

निदेशक